एक नजर श्याम देखो जरा

तर्ज - मेरे दोस्त किस्सा ये क्या हो गया

एक नजर श्याम देखो जरा।
जीवन मेरा ये सँवर जायेगा।

सुना है बहुत मैंने ये नाम तेरा,
तेरे भरोसे है जीवन ये मेरा
सोचा ना था यूँ, तू मिल जायेगा,
जीवन मेरा ये सँवर जायेगा।

बालक हूँ तेरा गले से लगा ले
नैया मेरी तू किनारे लगा दे
तू है तो श्याम कष्ट मिट जायेगा
जीवन मेरा ये सँवर जायेगा।

दुखडे मुझे क्यों इतना सताते,
मुझ को प्रभु क्यों इतना रूलाते,
यकीं है के तू झोली भर जाएगा
जीवन मेरा ये सँवर जायेगा।

"आयुष" कहे तू है सबका सहारा
भगतों का जीवन, है तूने सँवारा
"मनु" भी तेरे श्याम गुण गायेगा
जीवन मेरा ये सँवर जायेगा

भजन रचयिता - "आयुष बंका"
सहयोग:- मनोज कुमार ठठेरा, झँझुनू
मो.9828039423

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2459/title/ek-najar-shyam-dekho-jara-jeewan-mera-ye-sawar-jayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |